**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 03 जुलाई, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज दीपाटोली, राँची स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल पहुँचकर वहाँ भर्ती पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

राज्यपाल महोदय ने वहाँ उपस्थित चिकित्सकों से श्री लकड़ा के उपचार की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि श्री विमल लकड़ा ने हॉकी के क्षेत्र में देश एवं राज्य को गौरवान्वित किया है। सम्पूर्ण राज्यवासी उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रही है।

**(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज माननीय केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।**

राज्यपाल महोदय ने राज्यवासियों को रातू रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर एवं गढ़वा-रेहला फोरलेन बाईपास समर्पित करने के साथ-साथ राज्य में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की सौगात देने हेतु केंद्रीय मंत्री के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं की स्वीकृति और प्रगति में उनके द्वारा किए जा रहे सक्रिय प्रयासों हेतु बधाई दी।

राज्यपाल महोदय ने विश्वास व्यक्त किया कि इन कार्यों से न केवल राज्य में आवागमन की सुविधा में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी।